कोटा विश्वविद्यालय, कोटा

महाराव भीमसिंह मार्ग, कबीर सर्किल के पास, कोटा (राज.)

क्रमांक– एफ 9(   )परीक्षा/कोविको/2017/ 2910 दिनांक–13.09.2017

पूरक परीक्षा– 2017 के आवेदन पत्र भरे जाने हेतु अधिसूचना

विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2017 की पूरक परीक्षामें बी.ए., बी.एससी. बी.कॉम, भाग–प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय, बी.पी.एड. एक वर्षीय पाठ्यक्रम, बी.एससी. (बायोटेक, माइक्रोबायोलॉजी, आई.टी तथा बी.सी.ए) भाग–तृतीय के पूरक घोषित पात्र अभ्यर्थियों से पूरक परीक्षा हेतु निम्न कार्यक्रमानुसार ऑनलाइन पूरक परीक्षा आवेदन पत्र भरवाये जाने है।

क्र. सं.	शुल्क विवरण	ऑन लाइन रजि0 एंव पूरक परीक्षा शुल्क जमा करवाने की तिथि	सम्बन्धित महाविद्यालय में चालान एंव अंकतालिका की प्रति सहित आवेदन पत्र जमा कराने की तिथि
1.	साधारण शुल्क के साथ	18.09.2017 से 22.09.2017	18.09.2017 से 28.09.2017 तक
2.	रू. 100/– विलम्ब शुल्क के साथ	23.09.2017 से 25.09.2017 तक	
3.	पूरक परीक्षा के शुल्क के बराबर विलम्ब शुल्क के साथ	26.09.2017 से 28.09.2017 तक	26.09.2017 से 29.09.2017 तक **(*महाविद्यालय से अग्रेषित करवाकर सीधे विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा कराना है।)**

पूरक परीक्षाओं के शुल्क का विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.uok.ac.in** पर उपलब्ध है।

नोट :–ऐसे छात्र जो अनिवार्य (Compulsory) प्रश्न पत्र/पत्रों में अनुत्तीर्ण घोषित हुए हैं किन्तु वैकल्पिक (Optional) विषयों में उत्तीर्ण हैं, उन्हें भी अपना बकाया अनिवार्य प्रश्नपत्र पूरक परीक्षा के साथ देना है।

पूरक परीक्षा समय सारणी एंव इससे सम्बन्धित अन्य जानकारी प्राप्त करने हेतु छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट अवश्य देखते रहें।

विशेष महत्वपूर्ण निर्देशः–

1. पूरक परीक्षा आवेदन पत्र भरने सम्बन्धी विस्तृत निर्देश एवं प्रक्रिया विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.uok.ac.in पर उपलब्ध है एवं पूरक परीक्षासे सम्बन्धित समस्त कार्यक्रमों हेतु समय–समय पर छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाईट का अवलोकन करते रहे।
2. पूरक परीक्षा शुल्कः– समस्त नियमित, पूर्वछात्र एंव स्वंयपाठी परीक्षार्थियों का निर्धारित पूरक परीक्षा शुल्क ई–मित्र/CSC कियोस्क के माध्यम से जमा होगा, पूरक परीक्षा शुल्क जमा करवाने का निर्धारित शुल्क रू. 6/– प्रति परीक्षार्थी द्वारा देय होगा, जो ई–मित्र/CSC कियोस्क को अदा किया जायेगा। परीक्षार्थी शुल्क की रसीद की मूल प्रति का पूरक परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी की दो प्रतियों के साथ संलग्न कर अन्य आवश्यक दस्तावेजों सहित शुल्क जमा कराने की तिथि से अगले दो कार्य दिवस तक सम्बन्धित महाविद्यालय में जमा करावें। पूर्व विद्यार्थी (Ex-Student) पूरक परीक्षा फार्म को उसी महाविद्यालय में जमा करायें जहाँ वे नियमित (Regular) परीक्षार्थी के रूप में अनुत्तीर्ण घोषित हुए थे।

(i) ई–मित्र / CSC पर पूरक परीक्षा शुल्क नगद जमा करवा सकते हैं अथवा क्रेडिट कार्ड एंव नेट बैंक के माध्यम से भी पूरक परीक्षा शुल्क उनकी वेबसाईट www.emitra.gov.in पर जमा करवा सकते है।

(ii) ई–मित्र / CSC पर जमा शुल्क का विवरण (टोकन नं., जमा राशि व दिनांक) पूरक परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी की दोनों प्रति में निर्धारित स्थान पर परीक्षार्थी अपने हस्ताक्षर करें तथा हार्ड कॉपी के साथ ई–मित्र से प्राप्त मूल रसीद संलग्न करें।

(iii) आवेदन कर्त्ता चाहे तो अपना पूरक परीक्षा फार्म ई–मित्र / CSC पर भी ऑनलाईन भरवा सकते हैं। इसके लिए सम्बन्धित कियोस्क को उनका निर्धारित शुल्क रू. 26 / – परीक्षार्थी द्वारा अलग से देय होगा।

(iv) यदि, किसी परीक्षार्थी के पास आवेदन पत्र भरते समय स्वंय का फोटो उपलब्ध नहीं है, तो वह अपना फोटो ई–मित्र / CSC कियोस्क केन्द्र पर कम्प्यूटर वेबकेम द्वारा खीचवा सकता, जिसके लिए ई–मित्र / CSC कियोस्क को निर्धारित शुल्क रू. 6 / – अलग से देय होगा।

ई–मित्र के अलावा अन्य किसी माध्यम (जैसे नगद / बैंक ड्राफ्ट / चैक / पोस्टल ऑर्डर आदि) के द्वारा जमा कराया गया पूरक परीक्षा शुल्क किसी भी परिस्थिति में मान्य नहीं होगा।

3. विश्वविद्यालय ऑनलाईन पूरक परीक्षा आवेदन पत्र व पूरक परीक्षा आवेदन शुल्क विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत ई–मित्र / CSC कियोस्क में ही चालान के माध्यम से जमा करवाया जा सकेगा। चयनित ई–मित्र / CSC कियोस्क अतिरिक्त अन्य बैंक में जमा करवाया पूरक परीक्षा शुल्क मान्य नहीं होगा ना ही लौटाया जावेगा **तथा डाक द्वारा भेजा गया परीक्षा आवेदन पत्र स्वतः ही निरस्त माना जावेगा।**
4. **परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है, कि वह अपना पूरक परीक्षा आवेदन पत्र सावधानीपूर्वक भर कर पूरक परीक्षा शुल्क जमा करावें। चूंकि परीक्षार्थी के द्वारा स्वंय की गलती से जमा करवाया गया पूरक परीक्षा शुल्क परीक्षार्थी को वापस लौटाया (Non-Refundable) नहीं जावेगा।**
5. छात्र ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र की हार्डकॉपी, पूरक परीक्षा शुल्क के चालान की मूल प्रति एवं आवश्यक दस्तावेजों / अंकतालिकाओं की सत्यापित प्रतियों सहित सम्बन्धित महाविद्यालय / परीक्षा केन्द्र पर निर्धारित अवधि में जमा करवाना सुनिश्चित करावें।
6. ऑनलाईन पूरक परीक्षा आवेदन पत्र भरने सम्बन्धी कोई समस्या होने पर छात्र हेल्पलाईन नं. 9672593256 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

परीक्षा नियंत्रक